करोंद मंडी में किसानों का हल्ला बोल

धान के सही दाम न मिलने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 25 नवंबर. करोंद गल्ला मंडी में मंगलवार को किसानों ने हल्ला बोल कर दिया. मंडी में धान के सही दाम न मिलने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा. मेन सड़क पर ही किसान एकजुट हो गए, जिससे घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहे.

किसानों का आरोप है कि मंडी में धान की खरीद बेहद कम कीमतों पर की जा रही है, जिससे उनकी लागत भी पूरी नहीं हो पा रही. बड़ी संख्या में किसान मंडी के बाहर जमा हो गए और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी। प्रदर्शन बढ़ने पर किसानों ने मुख्य सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों दिशाओं में वाहन घंटों तक फंसे रहे. जाम से आम यात्रियों, स्कूल बसों और मालवाहक वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. मौके पर पहुंची पुलिस और मंडी अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने की कोशिश की.

बड़ी संख्या में किसान मंडी के बाहर जमा हो गए

जाम से यात्रियों, स्कूल बसों को भारी परेशानी हुई

> अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुँचाया जाएगा और मूल्य निर्धारण पर जल्द निर्णय लिया जाएगा. करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद किसानों ने जाम खत्म किया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि धान के दामों में सुधार नहीं हुआ तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

आयुष की 2000 से अधिक सीटें खाली

नीट कट ऑफ कम करने की मांग

साक्षी केसरवानी

भोपाल, 25 नवम्बर. प्रदेश के इतिहास में पहली बार आयुर्वेद बीएएमएस की सीटें होम्योपैथी बीएचएमएस की सीटों से ज्यादा खाली रह गई हैं।

विधिवत स्टेट व ऑल इंडिया कोटा की स्नातक नीट 2025-26 सत्र के तीन राउंड की काउंसलिंग के बाद भी आयुष की कुल 2007 सीटें खाली हैं। प्रदेश में कुल 63 आयुष कॉलेज संचालित हैं। संचालनालय की सूची के अनुसार शासकीय कॉलेजों में कुल 128 सीटें खाली हैं. जिनमें आयुर्वेद की 82, होम्योपैथी की 15 और यूनानी की 31 सीटें शामिल हैं। इसी तरह निजी कॉलेजों में भी बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। निजी आयुर्वेद कॉलेजों में 1077 होम्योपैथी में 786 और यूनानी

कॉलेजों में कुल 16 सीटें रिक्त हैं। फिलहाल स्ट्रे वेकेंसी राउंड काउंसलिंग जारी है। इस राउंड के तहत रिपोर्टिंग 24 से 26 नवंबर तक चलेगी। मेरिट का प्रकाशन 26 नवंबर को होगा। महाविद्यालयों में अस्थाई प्रवेश 27 से 28 नवंबर तक दिए जाएंगे जबकि प्रवेश निरस्तीकरण 28 नवंबर 2025 तक किया जा सकेगा।

> केंद्रीय आयुष मंत्रालय भारत सरकार समेत संचालनालय आयुष से मांग की गई है कि नीट पर्सेंटाइल कम से कम 10 प्रतिशत कम किया जाये। साथ ही काउंसलिंग का एक और अतिरिक्त राउंड प्रवेश के लिए आयोजित हो, ताकि स्ट्रे वेकेंसी राउंड के बाद भी रिक्त रह जाने वाली सीटों पर अन्य छात्र लाभ लेकर प्रवेश प्राप्त कर सकें।
>
> **डॉक्टर राकेश पाण्डेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता, आयुष मेडिकल एसोसिएशन**

एक नजर में

सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने पर वसूला जुर्माना

भोपाल. नगर निगम के अमले ने समस्त जोन क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए सड़कों व सार्वजनिक स्थलों फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 192 प्रकरणों 40 हजार 250 रुपये की राशि वसूल की जबकि सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाने वालों के विरुद्ध 15 प्रकरणों में 01 हजार 700 रुपये की राशि स्पॉट फाइन/ जुर्माने के रूप में वसूल करने की कार्यवाही की. नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा शहर में विभिन्न प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों तथा सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर सी.एंड.डी वेस्ट

टोरीफाइड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन जनवरी में

भोपाल. नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने एन.टी.पी.सी के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह आदमपुर में टोरीफाईड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन आगामी जनवरी माह में प्रारंभ करें और प्लांट का पूर्ण रूप से संचालन भी शीघ्रता से प्रारंभ किया जाए. निगम आयुक्त जैन से भेंट करने आए एन.टी.पी.सी के अधिकारियों को यह निर्देश दिए. भेंट के दौरान एन.टी.पी.सी के अधिकारियों ने बताया कि चारकोल प्लांट के सभी कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है और प्लांट संचालन की सभी तैयारियां भी अंतिम चरण में है.

गुम हुए 40 मोबाइल फोन बरामद

भोपाल, 25 नवंबर. एमपी नगर थाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 40 मोबाइल फोन को बरामद किया है. पुलिस ने मिले फोन की कीमत करीब 5 लाख रूपए आंकी है.

थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में संपत्ति संबंधी अपराध पर नियंत्रण रखने के मामलों में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामदगी की है. थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गुम हुए मोबाइलों के आवेदकों ने थाने में आवेदन पेश किया था. घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस साइबर पोर्टल पर सर्चिंग के लिए डाला.

40 मोबाइल फोन बरामद किए

एमपी नगर की साइबर टीम ने गुम हुए मोबाइलों के अपडेट जानकारी प्राप्त कर नंबरों को ट्रैक कर 40 मोबाइल फोन बरामद किए. गुमे हुये फोन पाकर फरियादियों के चेहरे पर रौनक दिखाई दी.

मुख्यमंत्री यादव पहुंचे पुलिस हैडक्वार्टर

हटाए गए मिसरोद थाना प्रभारी

भोपाल, 25 नवंबर. प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रहे इसके लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव खुद मंगलवार को देर शाम पुलिस हैडक्वार्टर पहुंचे. इस दौरान कई पुलिस विभाग के अधिकारियों पर गाज गिरी.

पुलिस का भय आम जनता में न रहे. मुख्यमंत्री ने इसके लिए सीधे तौर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कई बड़े निर्णय लिए. पुलिस अधिकारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री यादव ने दिशा निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भोपाल में लगातार आपराधिक वारदातों पर पुलिस कमिश्नर से जबाव तलब किया. उन्होंने पुलिस कमिश्नर से सभी वारदातों की विस्तार से जानकारी

ली. यादव ने मिसरोद थाना प्रभारी संदीप पवार को हटाने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश के बाद तुरंत ही विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई. मुख्यमंत्री यादव ने रायसेन के मामले में गिरफ़्तारी की कार्यवाही न होने पर नाराजगी भी ज़ाहिर की. मंडीदीप में चक्का जाम पर पुलिस की ढीली कार्रवाई पर सीएम ने अधिकारियों से ही सवाल पूछे. निर्णय लेते हुए यादव ने पुलिस अधीक्षक रायसेन को मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बैठक में कहा कि पुलिस सड़कों पर उतरे. किसी अपराधी को छोड़े नहीं और कठोर कार्रवाई करें. गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, ढिलाई किसी हालत में बर्दाश्त नहीं.

होमगार्ड दिवस को लेकर तैयारियां शुरू

भोपाल. शहर में 6 दिसबंर को आयोजित होने वाले होमगार्ड दिवस को लेकर तैयारियां चल रही है. कंट्रोल के पास मैदान में रिहर्सल करते दिखे जवान.

जिलाबदर का उल्लंघन करने वाला गिरफ्तार

भोपाल, 25 नवंबर. मंगलवारा थाना पुलिस ने जिलाबदर का उल्लंघन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शानू उफ शहरयार के खिलाफ जिलाबदर का आदेश जारी किया गया था. आरोपी के खिलाफ जिला भोपाल और उससे लगे हुये सरहदी जिलो विदिशा, सिहोर , राजगढ, रायसेन के साथ ही नर्मदापुरम जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का निष्काशन का आदेश पारित किया गया था. आरोपी 4 नवंबर को आदेश का पालन कराते हुए जिले से बाहर कराया गया था. सोमवार को पुलिस को सूचना

मिली कि आरोपी अपने अपने घर पर आया हुआ है. मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर नियम का उल्लघंन करने का दोषी पाते हुए कोर्ट में पेश किया. इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया.

आशीष सप्रे के लाइन अटैच का आदेश निरस्त

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 25 नवंबर. ईंटीखेड़ी थाना प्रभारी आशीष सप्रे के विभागीय लाइन अटैच का आदेश मंगलवार को निरस्त कर दिया गया. एक दिन पहले ही सप्रे को लाइन अटैच किया गया था.

भोपाल देहात क्षेत्र एसपी रामशरण प्रजापति ने लाइन अटैच के जारी आदेश को निरस्त किया है. जानकारी सामने आई है कि आशीष सप्रे के लाइन अटैच की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया. सप्रे पर हुई कार्रवाई को लेकर वह खुद अपनी सफाई देने के लिए एसपी कार्यालय

सोमवार को पहुंचे थे. सप्रे पर एक विवादित जमीन के एक मामला और क्षेत्र में डीजल माफियाओं को समर्थन करने का भी आरोप है. विभाग ने अब सप्रे के पूर्व के आदेश को निरस्त कर दिया है.

बदमाश ने चाकू दिखाकर बनाई वीडियो

अपराध करने की बात की, जांच में जुटी पुलिस



▸स्रडुडुडुह्यडुह्यडुह्यडुह्यडुह्यडुह्यडु ह्यडुह्यडुह्य

▸ह्यडुडुडुडुडुडुडुडुडुडुडुडुडुडुडु डुडुडुडुडुडुडु

> वीडियो में अपनी बात रखते हुए बदमाश चार बदमाशों पर हुई पुलिस की कार्रवाई से नाराज दिखाई दे रहा है. बदमाशों ने इलाके की कालोनी में खड़ी करीब एक दर्जन कारों में तोड़फोड बीते रविवार की रात को की थी. पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया. इस घटना में आरोपियों का समर्थन करते हुए वीडियो में दिख रहा शख्स अब ने पुलिस के मुखबिरों को भी खुली चुनौती देते हुए सुनाई दे रहा है. सामने आये वायरल वीडियो को लेकर पुलिस खोजबीन में जुटी है.

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 25 नवंबर. राजधानी में बदमाश अब सीधे तौर पर अपने वीडियो वायरल कर अपराध करने की बात से नहीं कतरा रहे हैं.

एक बदमाश हाथ में चाकू दिखाकर वीडियो बनाते हुए अपराध करने की बात बोलता दिखाई दे रहा है. बदमाश का यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो भोपाल के गौतम नगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है.

युवक तलवार से जानलेवा हमला

भोपाल. राजधानी में पुलिस की सक्रियता के बावजूद भी बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. सोमवार को देर रात हनुमानगंज थाना इलाके काज़ी कैम्प में तलवारबाज़ी की घटना सामने आई. दहशत फैलाने के उद्देश्य से बदमाशों ने एक युवक पर तलवार चलाते हुए जानलेवा हमला किया. घायल का इलाज हमीदिया अस्पताल में जारी है. बदमाशों की खोज में पुलिस जुटी है. इरफ़ान नामक के युवक पर प्राण घातक हमला देर रात को किया गया. हमला करने वाले बदमाशों की पहचान करने में पुलिस जुटी है. तलवार से हुए हमले में इरफान के पैरों में गंभीर घाव हो गए.

अडीबाजी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जुलूस निकाला

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 25 नवंबर. अयोध्यानगर थाना पुलिस ने अडीबाजी करने वाले बदमाशों पर सख्त कार्यवाही की है. पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए क्षेत्र में उनका जुलूस निकाला. इसके बाद कोर्ट में पेश करते हुए सबी जेल भेज दिया गया है.

थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी राज मडराई ने बीते 11 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी. राज ने पुलिस को बताया कि वह गाडी के सीट कवर लगाने की दुकान चलाता है. उसी दिन दुकान पर आए आरोपी रवि शर्मा

> फरियादी के मना करने पर आरोपियों ने सरे राह मारपीट की. इसके बाद से सभी मौके से फरार हो गए. आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस ने सभी की लोकेशन मिलने पर उन्हें गिरफ्तार किया. इलाके में दहशत फैलाने वाले आरोपियों का जुलूस भी निकाला गया.

उर्फ राज शर्मा, हर्ष कैथोरिया और नमन स्वामी ने गालियां देते हुये गाडी में शीट कवर बिना पैसे के डलवाने और बियर पीने के लिये 500 रूपये देने की अडीबाजी की.

नियुक्ति अटकी ▸ स्थाई नियुक्ति में वेटिंग वाले शिक्षक परेशान

टीआरसी में डीवी अपलोड नहीं

साक्षी केसरवानी

भोपाल, 25 नवम्बर. लोक शिक्षण संचनालय द्वारा 2022 में निकाली स्थाई शिक्षकों की भर्ती के लिए पात्रता परीक्षा में वर्ग 1, वर्ग 2 और वर्ग 3 के संगीत और शारीरिक शिक्षा के रिजल्ट आने के बाद वेटिंग लिस्ट अभ्यर्थियों की नियुक्ति अटकी हुई है.

इस बार 2025 में करीब 10758 पदों पर निकली भर्ती में स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है लेकिन वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों का डाक्यूमेंट टीआरसी में अपलोड ही नहीं किया जा रहा है. जबकि वर्ग एक की वेटिंग लिस्ट

अभ्यर्थियों की भर्तियां एक साल से रुकी हुई हैं. पहले इन अभ्यर्थियों का डीवी (डॉक्यूमेंट वारीफिकेशन) टीआरसी में अपलोड करने का ऑप्शन दिया जाता था. जब पद रिक्त होंते तो इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया आसानी से आगे बढ़ती थी. ऐसा न होने के कारण प्रदेश भर के कई जिलों के अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं. जिसको लेकर अभ्यर्थियों में डर है कि वर्ग एक की तरह वर्ग 2 की वेटिंग लिस्ट की नियुक्तियां भी रुकी रह जाएंगी।

2023 में जारी डाटा के आधार पर करीब 8720 पद वर्ग एक में खाली थे. जिनमें स्थाई नियुक्ति के बाद रिक्त पदों में वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों की साल भर से यह प्रक्रिया वहीं की वहीं है. वेटिंग लिस्ट अभ्यर्थियों की संख्या विषय वार किसी में 1 किसी में, 4 किसी में, 7 है. मेरिट की सूची में आने वाले इन अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट प्रक्रिया कुछ कारणों से पूरा नहीं हो पाता या वो सीट छोड़ते हैं, तो यह सीट वेटिंग के अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के बाद दी जाती हैं. लेकिन इस बार वर्ग दो के वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों का डाक्यूमेंट टीआरसी में अपलोड ही नहीं किया जा रहा है.

> **अभ्यर्थी 1 :** मैं रीवा जिले से आया हूं, पर्सेंटाइल भी 80 के ऊपर है. 1 वेटिंग दे दी है. डीवी अपलोड कर दिया जाये जिससे पद रिक्त होने पर मौका मिल सके. यहां डीपीआई में कोई सुनने को तैयार नहीं है.
>
> **अभ्यर्थी 2 :** टीकमगढ़ जिले से हूं 4 वेटिंग दे दी है. जब तैयारी शुरू की थी तब 21 साल का था अब 27 की उम्र हो गई है. पात्रता परीक्षा का नोटिस 2022 में आया था. प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है.
>
> **अभ्यर्थी 3 :** बैतूल जिले से हूं सालों से तैयारी करके परीक्षा पास की है और अब मेरिट के बराबर अंक आने के बाद भी वेंटिंग में हूं. पता नहीं कैसा सिस्टम हैं हर बार एक नया नियम बता देते हैं. डीवी अपलोड करने का सिस्टम भी खतम कर दिया हैं.
>
> **अभ्यर्थी 4 :** इस पूरी समस्या को लेकर आयुक्त से बात की उनका कहना है कि डीवी अपलोड करने के बाद आप लोग बार बार आरटीआई लगाकर परेशान करते हो. इसलिए हमने डीवी अपलोड करना बंद कर दिया। अब मेरिट वालों की नियुक्ति के बाद वेटिंग लिस्ट पर कार्य करेंगें।

डिजिटल वित्तीय प्रणाली देंगे को नई गति

पेंशनरों को त्वरित सेवाएं, सीबीडीसी के सफल पायलट प्रोजेक्ट पर एमपी अग्रणी

भोपाल,25 नवम्बर. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय प्रणाली को पूर्ण रूप से डिजिटल और पारदर्शी स्वरूप देने के लिये राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है.

उन्होंने मध्यप्रदेश में डिजिटल करेंसी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये आवश्यक कानूनी और वित्तीय प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पेंशन प्रकरणों को संपूर्ण रूप से डिजिटाइज किया जाएगा. इससे लाखों पेंशनरों को त्वरित और सरल सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी. उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंगलवार को मंत्रालय में वित्त विभाग की गतिविधियों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विगत 2 वर्षों के दौरान प्रदेश का वित्तीय ढांचा अधिक सक्षम, तकनीक-सम्मत और सेवा उन्मुख हुआ है.

पेंशनरों को किसी भी बैंक खाते में राशि प्राप्त हागी



पेंशन व्यवस्था में किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप अब पेंशन भुगतान एसबीआई द्वारा एग्रीगेटर मॉडल में किया जा रहा है. इससे पेंशनरों को किसी भी बैंक खाते में राशि प्राप्त करने की सुविधा मिल रही है. उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि सिंगल नोडल एजेंसी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है. इस उपलब्धि से राज्य को 500 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है और 66 में से 47 केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान प्रणाली आज प्रदेश में अधिक त्वरित, सुरक्षित और विश्वसनीय बन चुकी है.